"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## (असाधारण)
## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 450 ] रायपुर, बुधवार दिनांक 26 अगस्त 2015 — भाद्रपद 4, शक 1937

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 21 अगस्त 2015

### अधिसूचना

क्रमांक एफ 20-68/2015/11/6. — राज्य शासन एतद्द्वारा "औद्योगिक नीति 2014-19" में औद्योगिक निवेश हेतु आर्थिक प्रोत्साहन के तहत् अधिसूचित "स्थायी पूंजी निवेश अनुदान योजना" को क्रियान्वित करने हेतु दिनांक 1 नवंबर 2014 से "छत्तीसगढ़ राज्य स्थायी पूंजी निवेश अनुदान नियम 2014" निम्नानुसार लागू करता है :-

1 - परिचय:-

राज्य में स्थापित होने वाले सूक्ष्म एवं लघु, मध्यम, वृहद श्रेणी के उद्योगों की उत्पादन लागत कम करने, निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करने, संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने, राज्य में विदेशी पूंजी निवेश बढ़ाने, अप्रवासी भारतीय, प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक, विदेशी तकनीक वाले उद्यमियों को राज्य में पूंजी निवेश हेतु आकर्षित करने तथा महिला उद्यमी, सेवानिवृत्त सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, नि:शक्त वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग का औद्योगिक विकास की प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने हेतु स्थायी पूंजी निवेश अनुदान योजना का विस्तार किया गया है.

इस विस्तारित योजना के तहत् व्हाईट गुड्स, इलेक्ट्रानिक एवं इलेक्ट्रिकल उपभोक्ता उत्पाद, फार्मास्युटिकल, आई. टी. सेक्टर, बायो टेक्नालॉजी, टेक्सटाईल, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा उत्पादन हेतु लगने वाले प्लांट, मशीनरी एवं उपकरण तथा साइकिल निर्माण एवं साइकिल निर्माण में प्रयुक्त होने वाले उत्पाद/उपकरण/स्पेयर्स संबंधी उद्योगों को मेगा प्रोजेक्ट्स एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स की श्रेणी में औद्योगिक निवेश हेतु आर्थिक प्रोत्साहन देने मेगा एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट हेतु निर्धारित पूंजी निवेश की निर्धारित सीमा में भी कमी की गयी है.

यह अधिसूचना पात्र उद्योगों की नवीन स्थापना, विद्यमान उत्पादनरत औद्योगिक इकाईयों के विस्तार, शवलीकरण (डायवर्सीफिकेशन), स्थापित राईस मिलों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक हब, वेयर हाउसिंग (गोदाम) व कोल्ड स्टोरेज की नवीन स्थापना व इनके विस्तार तथा फिल्म उद्योग के विकास हेतु फिल्म स्टूडियों, एडिटिंग स्टूडियों की स्थापना एवं फिल्म प्रोसेसिंग से संबंधित गतिविधियों पर लागू होगी.

2 - नियम :-

ये नियम "छत्तीसगढ़ राज्य स्थायी पूंजी निवेश अनुदान नियम 2014" कहे जायेंगे.

3 - प्रभावशील तिथि :-

ये नियम दिनांक 01-11-2014 से प्रभावशील होंगे.

4— **परिभाषाएं :—**

इस अधिसूचना के अन्तर्गत नियमों के क्रियान्वयन हेतु वही परिभाषाएं लागू होगीं जो औद्योगिक नीति 2014—19 के परिशिष्ट—1 पर संलग्न हैं।

5— **पात्रता :—**

**5.1**— औद्योगिक नीति 2014—19 की कालावधि दिनांक 01.11.2014 से 31.10.2019 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले **''उपाबंध —2''** एवं **''उपाबंध —3''** में दर्शाये गये उद्योगों को छोड़कर शेष सूक्ष्म एवं लघु, मध्यम उद्योग, वृहद उद्योग, मेगा प्रोजेक्ट तथा अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट की श्रेणी के नवीन उद्योगों की स्थापना /विद्यमान उद्योगों के विस्तार/ शवलीकरण पर अनुदान प्राप्त करने की पात्रता होगी ।

**5.2**— यह आवश्यक है कि उद्योग में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम 5 वर्ष की अवधि तक अकुशल श्रमिकों में न्यूनतम 90 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा प्रबंधकीय/प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 33 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को प्रदाय करना होगा।

सेवा उद्यमों यथा लॉजिस्टिक हब, वेयर हाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज, स्थापित राईस मिलों के आधुनिकीकरण, फिल्म उद्योग से संबंधित प्रकरणों में वाणिज्यिक रूप से कार्य प्रारंभ करने के दिनांक से उपरांकित शर्त का पालन करना होगा।

**5.3**— पात्र औद्योगिक इकाईयों को इस अधिसूचना के जारी होने के दिनांक/ वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक जो पश्चात्वर्ती हो, से एक वर्ष के भीतर पूर्ण आवेदन करना होगा।

**5.4**— जिन सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद औद्योगिक इकाईयों, मेगा प्रोजेक्ट तथा अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स उद्योगों ने नियत दिनांक 01.11.2014 के पूर्व उद्योग स्थापना हेतु वैध ई. एम. पार्ट —1 / आई.ई.एम./ आशय पत्र / औद्योगिक लायसेन्स धारित किया हो अथवा राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित किया हो एवं एमओयू जीवित हो किंतु औद्योगिक नीति 2009—2014 की कालावधि समाप्त होने के दिनांक 31 अक्टूबर 2014 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ नहीं किया हो, उन्हें औद्योगिक नीति 2014—19 के अन्तर्गत (औद्योगिक नीति 2014—19 के परिशिष्ट—2 में दर्शाये गये अनुसार उद्योग न होने पर) इस अधिसूचना के अधीन राज्य शासन द्वारा निर्धारित अवधि में विकल्प प्रस्तुत करने एवं ग्राहय होने पर अनुदान प्राप्त करने का विकल्प होगा व पात्रता होगी।

**5.5 — यदि भारत सरकार/ राज्य शासन के अन्य विभाग/निगम/ बोर्ड/मंडल/आयोग/वित्तीय संस्था/बैंक से अनुदान प्राप्त किया गया हो व अनुदान की राशि इस अधिसूचना के अंतर्गत मान्य अनुदान की राशि से कम है तो अंतर की राशि का भुगतान किया जावेगा। यदि अनुदान की राशि इस अधिसूचना के अंतर्गत मान्य अनुदान की राशि से अधिक है तो इस अधिसूचना के अधीन अनुदान की पात्रता नहीं होगी।**

**5.6** —स्ववित्त पोषित उद्योगों को भी अनुदान की पात्रता होगी ।

**5.7** –औद्योगिक नीति 2009–14 के अन्तर्गत अनुदान, छूट एवं रियायतों हेतु अपात्र उद्योग, (जो संतृप्त श्रेणी के उद्योगों की सूची में है) जो 1 नवम्बर 2014 की स्थिति में विद्यमान उद्योग रहा है व औद्योगिक नीति 2014–19 में संतृप्त श्रेणी के उद्योगों में सम्मिलित नहीं है, ऐसे विद्यमान उद्योगों के विस्तार/शवलीकरण पर इस अधिसूचना के तहत अनुदान की पात्रता होगी।

**5.8**– लॉजिस्टिक हब, वेयर हाउसिंग (गोदाम) एवं कोल्ड स्टोरेज की नवीन स्थापना तथा पूर्व स्थापित लॉजिस्टिक हब, वेयर हाउसिंग (गोदाम) एवं कोल्ड स्टोरेज के विस्तार को औद्योगिक दृष्टि से विकासशील एवं औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों हेतु निर्धारित मात्रा में निवेश के आकार एवं निवेशकों के वर्ग हेतु सामान्य उद्योगों की भांति निर्धारित दर के आधार पर अधिकतम सीमा के अधीन कंडिका 6 ''अनुदान की मात्रा'' शीर्षक के तहत् तालिका के अनुरूप अनुदान की पात्रता होगी ।

**लॉजिस्टिक हब एवं वेयर हाउसिंग (गोदाम) की स्थापना के संबंध में औद्योगिक नीति 2014–19 के तहत जारी किये जाने वाले मापदण्ड लागू होंगे।**

**5.9**– राज्य में स्थापित राईस मिलों के आधुनिकीकरण की परिभाषा के अन्तर्गत प्लांट एवं मशीनरी में न्यूनतम रू. 100 लाख का निवेश करते हुए राईस मिलों का आधुनिकीकरण करने वाले उद्योगों को सामान्य उद्योगों की भांति अनुदान की पात्रता कंडिका 6 ''अनुदान की मात्रा'' शीर्षक के तहत् तालिका के अनुरूप होगी।

**5.10**–औद्योगिक नीति 2014–19 के अन्तर्गत राज्य में फिल्म उद्योग के विकास हेतु फिल्म स्टूडियो, एडिटिंग स्टूडियो की स्थापना एवं फिल्म प्रोसेसिंग से संबंधित गतिविधियों पर अनुदान की पात्रता सामान्य नवीन सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों हेतु प्रावधानित अनुदान की पात्रता कंडिका 6 ''अनुदान की मात्रा'' शीर्षक के तहत् तालिका के अनुरूप होगी ।

**5.11**–राज्य शासन की किसी औद्योगिक नीति के अन्तर्गत अनुदान, छूट एवं रियायतों हेतु अपात्र उद्योग, जो 1 नवम्बर 2014 को विद्यमान उद्योग की परिभाषा में आता है व औद्योगिक नीति 2014–19 में संतृप्त (अपात्र उद्योग) श्रेणी के उद्योगों में सम्मिलित नहीं है, ऐसे विद्यमान उद्योगों के विस्तार/शवलीकरण पर अनुदान की पात्रता होगी ।

**5.12**–प्राथमिकता उद्योगों हेतु निर्धारित अनुदान की पात्रता हेतु यह आवश्यक है कि राज्य शासन द्वारा प्लांट एवं मशीनरी में निर्धारित न्यूनतम पूंजी निवेश से अधिक मात्रा में निवेश पात्र उद्योग द्वारा किया जावे।

**6– <u>अनुदान की मात्रा :–</u>**

**6.1** पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, मध्यम एवं वृहद उद्योग तथा मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के उद्योगों को निम्नांकित तालिका अनुसार अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा–

**6.2**– कंडिका 5.8, कंडिका 5.9 एवं कंडिका 5.10 के पात्रताधारियों को भी पात्रता अनुरूप इसी तालिका अनुसार अनुदान की पात्रता होगी।

**(1) नवीन सूक्ष्म एवं लघु उद्योग –**

## तालिका

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| श्रेणी अ– औद्योगिक दृष्टि से विकासशील क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–7 के अनुसार) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 30.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 31.50 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 33.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 40.00 लाख) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 60.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 63.00 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 66.00 लाख)<br>(4)– अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 80.00 लाख) |
| श्रेणी ब– औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट –8 के अनुसार) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 60.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 63.00 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 80.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 84.00 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों |

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| | उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 66.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 80.00 लाख) | को स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 88.00 लाख)<br>(4)– अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 120.00 लाख) |

(2) नवीन मध्यम उद्योग –

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| श्रेणी अ–<br>औद्योगिक दृष्टि से विकासशील क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–7 अनुसार) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 60.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 63.00 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 66.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 80.00 लाख) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 70.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 73.50 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 77.00 लाख)<br>(4)– अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 100.00 लाख) |
| श्रेणी ब–<br>औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 70.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 100.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक |

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| 2014—19 के परिशिष्ट—8 अनुसार) | तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 73.50 लाख )<br>(3)— महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 77.00 लाख)<br>(4)—अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 90.00 लाख) | उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 105.00 लाख )<br>(3)— महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 55 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 110.00 लाख)<br>(4)— अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 125.00 लाख) |

(3) नवीन वृहद उद्योग —

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| श्रेणी अ—<br>औद्योगिक दृष्टि से विकासशील क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014—19 के परिशिष्ट—7 अनुसार) | (1)— सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 90.00 लाख )<br>(2)— अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 94.50 लाख )<br>(3)— महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 99.00 लाख)<br>(4)—अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 100.00 लाख) | (1)— सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 110.00 लाख )<br>(2)— अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 115.50 लाख )<br>(3)— महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 121.00 लाख)<br>(4)— अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0120.00 लाख) |

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| श्रेणी ब– औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–8 अनुसार) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 100.00 लाख ) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 120.00 लाख ) |
| | (2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 105.00 लाख ) | (2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 126.00 लाख ) |
| | (3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 110.00 लाख) | (3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 55 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 132.00 लाख) |
| | (4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 35 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 120.00 लाख) | (4)– अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 140.00 लाख) |

**(4) नवीन मेगा प्रोजेक्ट/अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट (कोर सेक्टर एवं संतृप्त श्रेणी के उद्योगों को छोड़कर ) –**

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| श्रेणी अ– औद्योगिक दृष्टि से विकासशील क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–7 अनुसार) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 350.00 लाख ) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 350.00 लाख ) |
| | (2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 367.50 लाख ) | (2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 367.50 लाख ) |
| | (3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद | (3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद |

| क्षेत्र | सामान्य उद्योग | प्राथमिकता उद्योग |
|---|---|---|
| | से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 385.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 350.00 लाख) | से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 385.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 350.00 लाख) |
| **श्रेणी ब–**<br>**औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में (औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–8 अनुसार)** | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 500.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 55 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 525.00 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 60 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 550.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 500.00 लाख) | (1)– सामान्य वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 500.00 लाख )<br>(2)– अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक(एफ0डी0आई0)/निर्यातक उद्योग तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाऐं प्रारम्भ करने वाले निवेशकों द्वारा उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 55 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 525.00 लाख )<br>(3)– महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति/परिवार एवं निःशक्त वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्योगों को स्थायी पूंजी निवेश का 60 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 550.00 लाख)<br>(4)–अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उद्योग की स्थापना पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत (अधिकतम सीमा रू0 500.00 लाख) |

### (5)– विद्यमान सूक्ष्म एवं लघु, मध्यम उद्योग, वृहद उद्योग, मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट का विस्तार

विद्यमान सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, मध्यम उद्योग, वृहद उद्योग, मेगा प्रोजेक्ट तथा अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के विस्तार पर स्थायी पूंजी निवेश अनुदान की दर एवं अधिकतम सीमा ''योजना'' में विस्तार हेतु किये गये अतिरिक्त स्थायी पूंजी निवेश पर उपरोक्त तालिका अनुसार ही होगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि अनुदान की राशि किसी भी दशा में निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक नही होगी।

### (6)– विद्यमान सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, मध्यम उद्योग, वृहद उद्योग, मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट का शवलीकरण–

विद्यमान सूक्ष्म एवं लघु, मध्यम, वृहद, मेगा प्रोजेक्ट तथा अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के शवलीकरण के प्रकरणों में अनुदान की दर एवं अधिकतम सीमा ''योजना'' में शवलीकरण हेतु किये गये अतिरिक्त स्थायी पूंजी निवेश पर उपरोक्तानुसार तालिका अनुसार ही होगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि अनुदान की राशि किसी भी दशा में निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक नही होगी।

**6.3– उपरोक्तानुसार अंकित उद्यमी यदि औद्योगिक नीति 2014–19 की कंडिका 15.20 के अनुसार नियत दिनांक के पश्चात स्थापित होने वाले औद्योगिक क्षेत्रों/औद्योगिक पार्कों में अथवा नियत दिनांक के पूर्व स्थापित/स्थापनाधीन औद्योगिक क्षेत्रों/औद्योगिक पार्कों में नवीन भू–आबंटन प्राप्त कर उद्योग स्थापित करते हैं तो ऐसे उद्योगों हेतु अनुदान की दर निर्धारित दर से 10 प्रतिशत अधिक होगी एवं अनुदान की अधिकतम सीमा भी निर्धारित सीमा से 10 प्रतिशत अधिक होगी।**

## 7 <u>प्रक्रिया</u>

7.1– पात्र औद्योगिक इकाईयों को **''उपाबंध 1''** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन निम्नांकित स्वप्रमाणित दस्तावेजों (जो लागू हो) के साथ सबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के प्रकरणों में एक प्रति में तथा इससे भिन्न प्रकरणों में दो प्रतियों में पूर्ण आवेदन देना होगा।

(1) वैध–लघु उद्योग पंजीयन प्रमाण पत्र/ई0एम0 पार्ट–1/आई0ई0एम0/औद्योगिक लायसेंस/ आशय पत्र

(2) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ई0एम0 पार्ट–2 एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र तथा विद्यमान उत्पादनरत् औद्योगिक इकाईयों के विस्तार, शवलीकरण से संबंधित प्रकरणों में संबंधित परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने के पूर्व एवं परियोजनाओं में उत्पादन प्रारंभ होने के पश्चात् स्थायी पंजीयन/ ई.एम. पार्ट–2 / वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र में इंद्राज की प्रति ।

(3) राज्य शासन एवं औद्योगिक इकाई के मध्य निष्पादित समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) की प्रति

(4) चार्टर्ड एकाउन्टेंट का **"उपाबंध 6"** पर निर्धारित प्रारूप में निवेश से संबंधित प्रमाण पत्र (मूल प्रति)

(5) चार्टर्ड इंजीनियर/एप्रूव्ड वेल्यूवर का **"उपाबंध–07"** पर निर्धारित प्रारूप में निर्माण कार्यो के मूल्यांकन से संबंधित प्रमाण पत्र ( सूक्ष्म व लघु उद्योगों से भिन्न प्रकरणों में) (मूल प्रति)

(6) स्थायी पूंजी निवेश के अर्न्तगत किये गये निवेश की **''उपाबंध–08''** पर निर्धारित प्रारूप में मदवार व तिथिवार सूची (मूल प्रति)

(7) भारत सरकार/राज्य शासन के अन्य विभागों/वित्तीय संस्थाओं/बोर्ड/लघु उद्योग विकास बैंक/सिडवी आदि से स्थायी पूंजी निवेश पर आधारित कोई अनुदान न लिये जाने बाबत शपथ पत्र

(8) मूल्य संवर्धितकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण–पत्र/अभिलेख

(9) निवेशक के वर्ग से संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ।

आवेदन प्राप्ति की रसीद **''उपाबंध–04(अ)''** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में कार्यालय द्वारा दी जावेगी। इस अभिस्वीकृति में पंजीयन क्रमांक का उल्लेख होगा, अपूर्ण प्रकरण में कमियॉ एक साथ बताते हुए वापिस किये जायेंगे। कमी पूर्ति से संबंधित पत्र में यह भी उल्लेख होगा कि पूर्ण प्रकरण की प्राप्ति पर ही पंजीयन होगा। उद्योग संचालनालय को भी प्रेषित किये जाने वाले प्रकरणों में मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक का दायित्व होगा कि वे प्रकरण पूर्ण कर उद्योग संचालनालय को प्रेषित करें।

पूर्ण प्रकरण पंजीयन क्रमांक दर्शाते हुए समिति के समक्ष रखे जायेंगे अर्थात् सक्षम समितियों के समक्ष प्रकरण उसी क्रम में रखे जायेंगे जिस क्रम में प्राप्त हुए हैं अर्थात् पंजीयन क्रमांक 1, 2, 3 ,4, ................. ।

**7.2–** मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त होने पर प्रकरण का सूक्ष्म परीक्षण, स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन **''उपाबंध 5''** के अनुसार निर्धारित प्रारूप पर प्रबंधक/ सहायक प्रबंधक (औद्योगिक इकाई हेतु नामांकित उद्योग मित्र) से करा कर अपने अभिमत के साथ अनुदान की पात्रता संबंधी अनुशंसा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के प्रकरणों में जिला स्तरीय समिति में तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से भिन्न प्रकरणों में स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन एवं अभिमत/अनुशंसा के साथ उद्योग संचालनालय को प्रेषित किये जावेंगे । ऐसे प्रकरणों का निराकरण उद्योग संचालनालय स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया जावेगा।

**7.3–** राज्य के मूल निवासियों को प्रदाय किये गये रोजगार की सत्यापन प्रक्रिया उद्योग संचालनालय के परिपत्र क्रमांक 164/औनीप्र/उसंचा–रा/2005/9766–81, दिनांक 13 जून 2006 के अनुसार की जायेगी ।

**7.4–** जिला/राज्य स्तरीय समिति से प्रकरण स्वीकृत होने के निर्णय उपरांत अनुदान स्वीकृति से संबंधित समस्त इकाईयों को एक साथ अनुदान स्वीकृति बाबत सूचना पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किया जावेगा। इस सूचना पत्र में यह स्पष्ट रूप से लेख होगा कि सूचना पत्र के साथ संलग्न अनुबंध के प्रारूप अनुसार अनुबंध का निष्पादन व

पंजीयन कराकर मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत की जावें एवं पंजीकृत मूल प्रति प्राप्त होने के उपरांत ही "उपाबंध–09" पर निर्धारित प्रारूप में अनुदान–स्वीकृति आदेश जारी किया जावेगा व अनुदान का वितरण अनुदान स्वीकृति के क्रम में होगा। सूचना पत्र के साथ अनुबंध का प्रारूप भी संलग्न होगा। भारतीय कंपनी अधिनियम के अन्तर्गत निगमित किसी प्रायवेट/पब्लिक लिमिटेड कंपनी के पक्ष में अनुदान स्वीकृत किया जाता है तो कंपनी के संचालक मण्डल द्वारा पारित संकल्प की प्रति भी अनुबंध के साथ लगाकर पंजीकृत की जावेगी।

अनुबंध की मूल प्रति की प्राप्ति पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा इसकी अभिस्वीकृति उसी दिन **"उपाबंध 4(ब)"** अनुसार दी जावेगी, जिस दिन मूल प्रति प्राप्त हुई।

विभाग की ओर से मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा अनुबंध निष्पादित किया जावेगा एवं औद्योगिक इकाई की ओर से स्वामी/ साझेदार/संचालक/अधिकृत प्रतिनिधि (यथा स्थिति जो लागू हो) के द्वारा अनुबंध निष्पादित होगा। प्रकरण यदि निरस्तीकरण योग्य है तो राज्य/ जिला स्तरीय समिति के समक्ष इकाई को अपना पक्ष रखने का एक अवसर प्रदान करते हुए प्रकरण पर निर्णय लिया जावेगा।

प्रकरण के निरस्त होने पर सदस्य सचिव द्वारा निरस्तीकरण आदेश जारी किया जावेगा जिसमें प्रकरण के निरस्तीकरण का कारण व निरस्तीकरण आदेश से सहमत न होने की स्थिति में निर्धारित समयावधि 45 दिवसों में अपीलीय अधिकारी को अपील करने संबंधी प्रावधान का भी उल्लेख अनिवार्य रूप से करना होगा ।

समिति के निर्णय हेतु यथास्थिति जिला स्तरीय समिति / राज्य स्तरीय समिति उत्तरदायी होगी, सदस्य सचिव अकेला उत्तरदायी नहीं होगा । सदस्य सचिव का दायित्व होगा कि वह अधिसूचना के अधीन समस्त तथ्यों तथा अन्य संबंधित बिन्दुओं पर विस्तृत टीप एवं अभिमत को समिति के समक्ष निर्णय हेतु प्रस्तुत करें ।

**7.5–** अनुबंध के निष्पादन व पंजीयन के उपरांत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा अनुदान का वितरण औद्योगिक इकाइयों के पक्ष में जारी स्वीकृति दिनांक के क्रम में किया जावेगा।

**7.6–** उद्योग संचालनालय द्वारा स्थायी पूंजी अनुदान के बजट का आवंटन अनुदान स्वीकृति के क्रम के आधार पर बजट उपलब्ध होने पर किया जावेगा। उद्योग संचालनालय स्तर से बजट का आवंटन पृथक से अनुदान स्वीकृति के क्रम में किया जावेगा।

**7.7–** बजट आबंटन उपलब्ध होने पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संबंधित वित्तीय संस्था /बैंक को अनुदान की राशि सीधे औद्योगिक इकाई के ऋण खाते में जमा करने हेतु आर.टी.जी.एस. (रियल टाइम ग्रास सेटलमेंट) पद्धति अथवा तत्समय इकाई के खाते में सीधे अनुदान जमा करने की पद्धति अनुसार प्रेषित की जावेगी जिसे सबंधित वित्तीय संस्था /बैंक द्वारा तुरंत औद्योगिक इकाई के ऋण खाते में जमा करना होगा । अनुदान की राशि नगद में नहीं दी जायेगी। जिला व्यापार एवं उद्योग

केन्द्र द्वारा अनुदान का वितरण औद्योगिक इकाइयों को अनुदान स्वीकृति के दिनांक के क्रम में किया जावेगा ।

7.8— स्वीकृति आदेश जारी होने के पश्चात् ही अनुदान वितरण की कार्यवाही प्रारंभ होगी ।

7.9— बजट आवंटन के अभाव में अनुदान की राशि देने में विलंब होने पर विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा ।

7.10— समिति का स्वरूप :—

**(अ) जिला स्तरीय समिति :—**

| | | |
|---|---|---|
| 1— | कलेक्टर | **अध्यक्ष** |
| 2— | उद्योग संचालनालय में पदस्थ अधिकारी जो न्यूनतम संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी हो | **उपाध्यक्ष** |
| 3— | लीड बैंक अधिकारी | **सदस्य** |
| 4— | वाणिज्यिक कर अधिकारी | **सदस्य** |
| 5— | महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि. (जो राज्य शासन उद्योग विभाग के न्यूनतम उप संचालक स्तर का अधिकारी हो) | **सदस्य** |
| 6— | मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र | **सदय सचिव** |

**(ब) राज्य स्तरीय समिति :—**

| | | |
|---|---|---|
| 1— | **आयुक्त/संचालक उद्योग,** | अध्यक्ष |
| 2— | **अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर** | सदस्य |
| 3— | **प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पो0 लि0** | सदस्य |
| 4— | अपर संचालक/संयुक्त संचालक, उद्योग संचालनालय | **सदस्य सचिव** |

(स) जिला स्तरीय समिति के लिये गणपूर्ति 3 से होगी तथा राज्य स्तरीय समिति के लिये गणपूर्ति—2 से होगी ।

जिला स्तरीय समिति की बैठकों में अध्यक्ष के उपस्थित न हो पाने पर बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष द्वारा की जावेगी एवं प्रकरणों पर निर्णय लिया जावेगा ।

जिला स्तरीय समिति एवं राज्य स्तरीय समिति की बैठकों में पूर्ण प्रकरण पंजीयन कमांक को उल्लेखित करते हुए रखे जावेंगे।

**(द) योजना के क्रियान्वयन हेतु सदस्य सचिव के दायित्व निम्नानुसार होंगे :-**

(1) योजना के अर्न्तगत प्राप्त स्वत्वों का संकलन करना/ परीक्षण की कार्यवाही करना/ वांछित समिति से प्रकरणों का निराकरण करवाना ।

(2) योजना के कियान्वयन हेतु प्रत्येक 03 माह में बैठक का आयोजन करना, बैठक का एजेन्डा तैयार करना, कार्यवाही विवरण तैयार कर अनुमोदन कराना व सदस्यों को प्रेषित करना ।

(3) योजना से सबंधित लेखों का संधारण, राज्य शासन के वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना व स्वत्वों के भुगतान के सबंध में आडिट आपत्तियों का निराकरण करना ।

(4) जिला स्तरीय समिति की बैठकों/ निर्णयों की जानकारी मासिक प्रतिवेदन के रूप में अग्रेषित करना ।

(5) सदस्य सचिव का यह भी दायित्व होगा कि वह समिति के समक्ष समिति की बैठक की निर्धारित तिथि के 15 दिवस पूर्व तक के समस्त प्रकरणों को पंजीयन क्रमांक वार समिति के समक्ष रखे, प्रकरणों का निराकरण कराये एवं निराकरण की स्थिति से औद्योगिक इकाईयों को अवगत कराये, समिति से अनुदान स्वीकृति का निर्णय उपरांत निर्धारित अवधि में अनुदान स्वीकृति बाबत् सूचना पत्र जारी करें व मूल अनुबंध की पंजीकृत प्रति प्राप्त होने के उपरांत स्वीकृति आदेश जारी करें ।

(6) स्वीकृति प्रकरणों में बजट आवंटन प्राप्त कर अनुदान विवरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही इस प्रकार करे कि बजट आवंटन प्राप्त होने के उपरांत शीघ्र ही नियमानुसार अनुदान का वितरण यथा शीघ्र हो जायें।

**(इ) योजना के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य स्तरीय समिति को निम्नानुसार शक्तियां प्राप्त होगी :-**

1- अधिसूचना के अधीन अनुदान योजना के क्षेत्र तथा उसके लागू होने के संबंध में जिला स्तरीय समिति को निर्देश देना ।

2- समिति स्वप्रेरणा से या संदर्भित किये जाने पर, अपने स्वयं के निर्णय का या जिला स्तरीय समिति के निर्णय की समीक्षा/सुनवाई कर सकेगी, किन्तु किसी प्रकरण विशेष में स्वीकृति आदेश को निरस्त करने अथवा अनुदान राशि में कमी करने पर संबंधित पक्षकार को अपना पक्ष रखने के लिये सुनवाई का अवसर अवश्य प्रदान किया जावेगा ।

3- जिला स्तरीय समिति द्वारा पारित किसी निर्णय के विरूद्ध की गयी अपील पर राज्य स्तरीय समिति सुनवायी कर निर्णय लेगी ।

4- आवेदन देने में हुए विलंब से संबंधित प्रकरणों का निपटारा राज्य स्तरीय समिति द्वारा ही किया जायेगा।

5- नियंत्रण से परे कारणों के कारण उद्योग बंद हो जाने अथवा योजना से संबंधित कोई अन्य बिंदु जिसका अधिसूचना में उल्लेख नहीं है, पर राज्य स्तरीय समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निर्णय लिया जावेगा ।

8 **स्थायी पूंजी निवेश अनुदान के वितरण की प्रक्रिया**

(1) स्थायी पूंजी निवेश की गणना औद्योगिक नीति 2014–19 के **"परिशिष्ट 1"** में स्थायी पूंजी निवेश की परिभाषा में दिये गये विवरण अनुसार की जावेगी ।

(2) सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों/लॉजिस्टिक हब, वेयर हाउसिंग (गोदाम), कोल्ड स्टोरेज एवं फिल्म उद्योग के मामलों में स्थायी पूंजी निवेश अनुदान का भुगतान एक मुश्त किया जावेगा ।

(3) मध्यम उद्योग, वृहद उद्योग, मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के मामलों में स्थायी पूंजी निवेश अनुदान का भुगतान पांच वार्षिक किश्तों में किया जावेगा। प्रथम किश्त की गणना अवधि अनुदान स्वीकृति के वित्तीय वर्ष से की जावेगी ।

(4) किसी वित्तीय वर्ष में अनुदान का आंशिक वितरण होने पर आगामी वर्षों में उद्योग में उत्पादन बंद कर देने पर या अनुबंध की किसी कंडिका का उल्लंघन करने पर अनुदान का शेष वितरण तब तक नहीं किया जावेगा जब तक की उद्योग प्रारंभ न हो जावे / कंडिका का उल्लंघन दूर न कर लिया जावे।

(5) जिन औद्योगिक इकाईयों को मार्जिनमनी अनुदान वितरित हुआ है, वितरित राशि स्थायी पूंजी निवेश अनुदान में कम कर अनुदान का वितरण किया जायेगा।

9. अपील /वाद

(1) औद्योगिक इकाई द्वारा जिला स्तरीय समिति के किसी आदेश के विरूद्ध राज्य स्तरीय समिति को एवं राज्य स्तरीय समिति के किसी आदेश के विरूद्ध राज्य अपीलीय फोरम को आदेश संसूचित किये जाने के दिनांक से 45 दिवसों के भीतर अपील की जा सकेगी । राज्य अपीलीय फोरम का गठन निम्नानुसार होगा :–

**राज्य अपीलीय फोरम :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **भारसाधक मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग** | **अध्यक्ष** |
| 2. | **भारसाधक मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यकर विभाग** | **सदस्य** |
| 3. | **प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यकर विभाग** | **सदस्य** |
| 4. | **प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विधि विधायी कार्य विभाग** | **सदस्य** |
| 5. | **प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग** | **सदस्य सचिव** |

राज्य अपीलीय फोरम की गणपूर्ति चार की होगी एवं अनुक्रमांक 2 अथवा 3 पर अंकित सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य होगी। नियमों की व्याख्या, अनुदान की पात्रता अथवा अन्य विवाद की दशा में भी राज्य अपीलीय फोरम द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी माना जावेगा।

राज्य स्तरीय समिति के समक्ष अपील करने हेतु उद्योग आयुक्त/संचालक, उद्योग संचालनालय के कार्यालय में एवं राज्य अपीलीय फोरम में अपील करने हेतु प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग

विभाग के कार्यालय में आदेश संसूचित होने के दिनांक से 45 दिवसों के भीतर अपील की जा सकेगी ।

(2) सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों, लॉजिस्टिक हब, वेयर हाउसिंग (गोदाम), कोल्ड स्टोरेज एवं फिल्म उद्योग के प्रकरणों में अपील शुल्क रूपये 1000, मध्यम उद्योगों के प्रकरणों में रूपये 2000, वृहद उद्योगों के प्रकरणों में रूपये 5000 तथा मेगा एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के प्रकरणों में रूपये 10000 का भुगतान करने पर ही अपील विचार हेतु स्वीकार होगी ।

अपील शुल्क का भुगतान प्रथम अपील करने पर ही करना होगा द्वितीय अपील पर कोई शुल्क देय नहीं होगा । अनुसूचित जाति/ जनजाति, निःशक्त/ नक्सलवाद से प्रभावित परिवार/व्यक्ति से संबंधित प्रकरणों में कोई अपील शुल्क देय नहीं होगा ।

(3) अपील शुल्क का भुगतान विविध प्राप्तियों के तहत स्वीकार करते हुए चालान के द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में प्राप्त किया जावेगा/जमा किया जावेगा ।

(4) अधिसूचना से संबंधित किसी बिन्दु पर राज्य स्तरीय समिति/राज्य अपीलीय फोरम यथा स्थिति जो लागू हो, प्रकरण के गुण दोष के आधार पर निर्णय लेने का अधिकार होगा ।

(5) राज्य स्तरीय समिति /राज्य अपीलीय फोरम द्वारा प्रभावित पक्षकार को सुनवायी का अवसर प्रदान करते हुये ऐसा आदेश पारित किया जावेगा जैसा कि योजना एवं अधिसूचना के अधीन नियमानुसार समझा जावे ।

## 10. स्थायी पूंजी निवेश अनुदान की वसुली

स्थायी पूंजी निवेश अनुदान की राशि की निम्न परिस्थितियों में वसूली योग्य होगी–

10.1– औद्योगिक इकाई के पक्ष में अनुदान की स्वीकृत राशि भुगतान हो जाने के पश्चात् यह पाया जाता है कि औद्योगिक इकाई द्वारा कोई तथ्य छुपाये गए है/ गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है या सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गयी है व इस प्रकार गलत तरीके से अनुदान स्वीकृत हुआ है/अनुदान प्राप्त किया गया है ।

10.2– औद्योगिक इकाई द्वारा राज्य के मूल निवासियों को निर्धारित प्रतिशत में रोजगार उपलब्ध कराने के पश्चात यदि बाद में रोजगार से वंचित किया जाता है व इस कारण अकुशल, कुशल व प्रबंधकीय/प्रशासकीय वर्ग में दिये जाने वाले रोजगार का प्रतिशत उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 5.2 में उंल्लेखित प्रतिशत (न्यूनतम सीमा) से कम हो जाता है ।

10.3– यदि औद्योगिक इकाई द्वारा प्रस्तुत अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित स्थायी जाति प्रमाण–पत्र/निःशक्तता से संबंधित प्रमाण–पत्र/सेवा–निवृत्त सैनिक से संबंधित प्रमाण–पत्र/नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र /अप्रवासी भारतीय/प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक (एफ.डी.आई.), निर्यातक, विदेशी तकनीक से संबंधित प्रमाण पत्र, महिला उद्यमी आदि से संबंधित प्रमाण–पत्र/ अभिलेख/घोषणा पत्र गलत पाया जाता है तो इस वर्ग के उद्यमियों को दी गई अतिरिक्त/ आधिक्य अनुदान की राशि वसूली योग्य होगी ।

10.4– उद्योग संचालनालय/ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कोई जानकारी मांगे जाने पर औद्योगिक इकाई द्वारा न दी जाये ।

10.5– प्रति वर्ष स्वप्रमाणित उत्पादन व विकय संबंधी जानकारी उद्योग संचालनालय/ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को न दिया जावे ।

10.6– यदि औद्योगिक इकाई को पात्रता से अधिक अनुदान की प्राप्ति हो गयी हो ।

